दिनांक 30 मई 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर नीरज पाल के निर्देश पर बारिश पूर्व नाला सफाई का निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, खुर्सीपार में देखी सफाई व्यवस्था

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल के निर्देश पर स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू खुर्सीपार जोन क्षेत्र में नाला सफाई का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बालाजी नगर और बापू नगर क्षेत्र में नाला सफाई का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने कहा कि मानसून इस वर्ष जल्दी आने की संभावना है जिसको देखते हुए नाला सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर करें। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि चैन माउंटेन के जरिए बड़े नालों की सफाई की जा रही है, बारिश के नजदीक आने की संभावना को देखते हुए नाला और नालियों की सफाई का काम स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है, ताकि बारिश के दिनों में जल प्रवाह अवरुद्ध ना हो और पानी अपने गंतव्य की ओर प्रवाहित हो सके। बारिश के दिनों में जलभराव होने वाले स्थलों का सर्वे किया जा चुका है और ऐसे स्थानों के आस-पास के नालों की सघन सफाई स्वास्थ्य विभाग करा रहा है। जिसका निरीक्षण आज स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने किया। सर्वे ने सभी जोन आयुक्तों को कहा है कि नाली, सड़क एवं पुलिया निर्माण तथा अन्य विकास कार्य के दौरान निर्माणाधीन स्थल पर एजेंसी एवं मकान निर्माण के समय नागरिकों द्वारा निकलने वाले वेस्ट मलबा को नाली से लगे निर्माणाधीन स्थल पर एकत्र न करें, नाली के समीप मलबा होने से मलबा नाली पर गिरने से जल प्रवाह अवरुद्ध होने की संभावना बढ़ जाती है जिसको देखते हुए उन्होंने जोन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जोन आयुक्त के प्रभार क्षेत्र अंतर्गत नाली, सड़क पुलिया निर्माण एवं अन्य विकास कार्य के दौरान निर्माण स्थल में रखे गए मलबा को संबंधित एजेंसी से एवं मकान निर्माण के समय इकट्ठा किए गए संबंधित नागरिकों से हटवाने की कार्यवाही करें।